INTERNATIONAL HUMAN RIGHTS SOCIAL JUSTICE COMMISSION

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय आयोग

UNITED NATIONS
#727765

Regd. No 20210136200024, Regd. With NITI AAYOG GOVT. OF INDIA. & UNITED NATIONS GM

Helpline No. 07875 008 008 | Email : ihrsocialjusticecommission@gmail.com

• महिला विशेष सुरक्षा •

महिलाओं की मदद के लिए सरकार ने नंबर जारी किए हुए हैं। इन पर कॉल करके तुरंत मदद पाई जा सकती है। वुमेन्स हेल्पलाइन नंबर 1091/1090 पूरे देश के लिए है। इसके अलावा महिलाएं नेशनल कमिशन फॉर वुमन (NCW) में अपनी कोई बात रखना चाहें तो वे 0111-23219750 पर कॉल कर सकती हैं। राज्यों ने अपने स्तर पर भी हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। जिन पर कॉल करके तुरंत मदद पाई जा सकती है।

- सभी लड़कियों/महिलाओं में पुरुषों को पहचानने का एक विशेष सेन्स होता है , जिसे इग्नोर न करें । किसी पर भी डाउट हो या गड़बड़ी की आशंका लगे तो तुरंत 1090 और अपने अभिभावकों को सूचित करें , अपनी लोकेशन बताएं ।
- अपने पास हमेशा पेपर स्प्रे की बॉटल अथवा लाल मिर्च पावडर रखें । इसका इस्तेमाल छेड़खानी की घटना घटते समय सामने वाले के चेहरे पर करते समय डरें नहीं ।
- यदि कोई विकट स्थिति आती है तो दिमाग को संतुलित रखें , घबराने से सामने वाला और हावी हो जाता है ।
- सेल्फ डिफेंस के लिए जो भी चीज हाथ में हो उससे सामने वाले पर हमला कर दें । ये ना सोचे कि उससे सामने वाले का सिर फटेगा या और कोई चोट आएगी । ऐसे में लड़की के खिलाफ कोई कार्यवाही नही करेंगी।
- हेयर पिन , कंघी , चश्मे का फ्रेम , पेन , पेंसिल , लालमिर्च पावडर, दुपट्टा में से अमूमन कुछ न कुछ लड़कियों के पास रहता है । इनका प्रयोग हथियार की तरह करें । चोट हमेशा चेहरे पर करें । इससे 5 मिनट के लिए सामने वाला पैरालाइज हो जाता है ।
- यदि कोई हमला कर रहा है तो सबसे पहले शोर मचाए , जितनी तेज हो चीखे - चिल्लाए । इससे सामने वाले का हौसला टूट जाता है और आसपास के लोग भी रक्षा करने के लिए आ सकते हैं ।
- मोबाइल के फास्ट डायल में 1090 , 100 सहित अपने खास परिचितों के नंबर सेव रखे । स्मार्ट फोन हो तो शक्ति एप जरूर डाउनलोड करें ।

डॉ. संतोष एम. बजाज

राष्ट्रीय अध्यक्ष

INTERNATIONAL HUMAN RIGHTS SOCIAL JUSTICE COMMISSION

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय आयोग

UNITED NATIONS
#727765

Regd. No 20210136200024, Regd. With NITI AAYOG GOVT. OF INDIA. & UNITED NATIONS GM

Helpline No. 07875 008 008 | Email : ihrsocialjusticecommission@gmail.com

• महिला विशेष सुरक्षा •

- 1090/1091 इसे क्लिक करते ही 1090 को सूचना मिल जाएगी और लोकेशन भी पता होगी।
  यदि 1090/1091 पर कॉल न मिले तो 9454401090 पर एसएमएस कर दें।

- ऑटो/टैक्सी में बैठते समय उसका फोटो व ड्राइवर का फोटो खिंचकर कर 9454401090 पर व्हाट्स एप पर भेज दें।

- बल्कि हो सके तो ड्राइवर को यह बताए भी कि उसका नंबर ओर फोटो पुलिस कंट्रोल रूम या 1090 को अपनी सुरक्षा के लिए भेजा गया है। इससे उसे डर रहेगा कि यदि लड़की के साथ कुछ हुआ तो पकड़ा जाएगा।

- यदि किसी लड़की को अकेले देर रात जैसे 1 से 5 बजे इमरजेंसी में जैसे हॉस्पिटल या किसी अन्य काम से जाना पड़ता है तो वह 1090 में मदद के लिए फोन कर दे।

- संभव होगा तो उसे सुरक्षा दी जाएगी। हालांकि यदि कोई इस नंबर पर दुरुपयोग करेगा तो उस पर कार्रवाई भी होगी।

- लडकिया/महिलाए सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण जरूर लें , जिससे वह खुद में कोन्फिडेंस आने के साथ वह खुद को सुरक्षित कर सकती हैं।

- किसी भी व्यक्ति पर अंधा विश्वास न करें।

- यदि किसी भी तरह का शोषण या छेड़खानी हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। बात आगे बढ़ने का इंतजार न करें।

- सोशल मीडिया का संभल कर इस्तेमाल करें। इस पर जिन लोगों से जुड़ें उनसे जल्दी मिलने या दोस्ती बढ़ाने की ना सोचे।

इस आवश्यक एवं महत्वपूर्ण जानकारी को अपने मित्र, रिश्तेदार एवं परिचित लोगो के साथ जरूर शेयर करे।

डॉ. संतोष एम. बजाज

राष्ट्रीय अध्यक्ष

www.drsantoshbajaj.wordpress.com